# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

दिनांक – 04.09.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

**(Admission Schedule for admission in LAW Programs through First Merit in University Campus and Affiliated Colleges)**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को सूचित किया जाता है कि उनके यहाँ संचालित सभी बी0ए0एल–एल0बी, बी0कॉम0एल–एल0बी0 एवं एल–एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु प्रथम वरीयता सूची तैयार करने एवं प्रवेश कन्फर्म करने के लिए समय सारणी (Schedule) निम्न प्रकार रहेगा।

1. दिनांक 06.09.2025 से दिनांक 09.09.2025 तक परिसर विभाग एवं महाविद्यालय/संस्थान उक्त पाठ्यक्रमों में पंजीकृत अभ्यर्थियों का पंजीकरण डेटा अपनी समर्थ login ID एवं Pasword से login करके डाउनलोड कर पंजीकृत अभ्यर्थियों के अर्हता कक्षा (एल–एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्नातक अथवा परास्नातक स्तर पर, जिसमें अधिक प्रतिशत अंक हो) की Marks Percentage में Weightages के प्रतिशत (जैसे कि weightages of Ward quota percentage, NCC/NSS, Graduation from CCSU etc) को जोड़कर निर्धारित सीटों के सापेक्ष (5% Sports Quota सीट छोड़कर) आरक्षण नियमों (Vertical एवं Horizontal) तथा Other State quotas का पालन करते हुए प्रथम वरीयता सूची तैयार करेंगें।

नोटः– विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली अनुसार एल–एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु योग्यता क्रम की गणना हेतु स्नातक (3 अथवा अधिक वर्षीय) अथवा स्नातकोत्तर स्तर (2 वर्षीय) पर, जिसमें अधिक प्रतिशत अंक हो, वही आधार बनेगा।

(A) दिनांक 09.09.2025 को विश्वविद्यालय परिसर विभाग प्रवेश सम्पुष्टि हेतु प्रथम वरीयता सूची में स्थान पाये अभ्यर्थियों का प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु दिनांक 10.09.2025 से दिनांक 12.09.2025 तक का अपने प्रवेश पोटर्ल से Schedule जारी करेंगें।

(B) दिनांक 09.09.2025 को महाविद्यालय/संस्थान प्रथम वरीयता सूची में स्थान पाये अभ्यर्थियों को प्रवेश हेतु दिनांक 10.09.2025 से दिनांक 12.09.2025 तक का Admssion Offer Schedule अपने प्रवेश पोटर्ल से जारी करके भेजेंगे।

2. दिनांक 10.09.2025 से दिनांक 12.09.2025 तक महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग उनके यहाँ संचालित उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु Admssion Offer accept करने वाले अभ्यर्थियों के शैक्षणिक एवं अन्य अभिलेखों की जाँच कर प्रवेश कन्फर्म करेंगें। महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग दिनांक 12.09.2025 तक उक्त सभी इच्छुक अभ्यर्थियों का प्रवेश सम्पूष्ट अवश्य सुनिश्चित कर लें।

उक्त के क्रम में सभी को सूचित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया को समझने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समर्थ प्रवेश पोटर्ल पर एक PPT (Power Point Presentation) को अपलोड किया हुआ है। अतः उक्त PPT का अवलोकन अवश्य कर लें। उक्त के कम में यह भी सूचित किया जाता है कि प्रवेश पोर्टल पर मेरिट अपलोड करने के बाद प्रवेश प्रक्रिया में तकनीकि समस्याऐं आ रहीं है। अतः महाविद्यालय/संस्थान एवं परिसर विभाग प्रथम वरीयता सूची बनाकर पोर्टल पर अपलोड ना करें बल्कि उसमें स्थान पाऐं अभ्यर्थियों को सीधे Review and Process पर जाकर महाविद्यालय Admssion Offer एवं परिसर विभाग प्रवेश शुल्क जमा करने हेतु Schedule जारी करेंगे।

Bhue 04/9/25

प्रवेश समन्वयक

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ